दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA
न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg.No.MH180326353

पदमावत मीडिया

• डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र एवं राजस्थान से प्रकाशित •

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

• न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे •

• वर्ष : 13 • डिजिटल अंक : 80 • मुंबई, मंगलवार, 17 नवंबर, 2026 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • कुल पृष्ठ : 04 • मूल्य : 0.00 • निःशुल्क

खबर संक्षेप

उदयपुर के खांखड़ हत्याकांड में तीन और बाल अपचारी डिटेन, अब तक सात पकड़े

झाड़ोल @ पदमावत मीडिया। दीपावली की रात लूट की नीयत से युवक की हत्या के मामले में झाड़ोल थाना पुलिस ने फरार चल रहे तीन और विधि से संघर्षरत बालकों को डिटेन किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दूसरी मोटरसाइकिल, लूटी गई नकदी और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस मामले में अब तक कुल सात बाल अपचारियों को डिटेन किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार गोगला की नाल निवासी भरत की 8 नवंबर की रात चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई थी। उसका शव खांखड़ स्कूल के खेल मैदान की बाउंड्री के पास मिला था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से शेष तीनों को पकड़ा। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

जयपुर में रालसा फॉर रोड सेफ्टी कैंपेन 2.0 शुरू, यात्री बसों की होगी सघन जांच

जयपुर @ पदमावत मीडिया। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय ने 16 नवंबर से 15 जनवरी 2027 तक दो माह का सड़क सुरक्षा अभियान शुरू किया है। सचिव पल्लवी शर्मा ने बताया कि अभियान के पहले दिन 14 नंबर रोड क्षेत्र में विधिक सेवा प्राधिकरण, परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने स्लीपर कोच, लग्जरी बसों, सिटी बसों एवं मिनी बसों की जांच की। इस दौरान फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास और स्पीड गवर्नर की जांच की गई। गंभीर खामियां मिलने पर वाहनों के चालान और जब्ती की कार्रवाई की गई। बसों में शिकायत पेटी और रालसा हेल्पलाइन नंबर 9928900900 प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए।

प्रदेश में रोजगार सृजन एवं राजस्व अर्जन का केन्द्र बन रहा

जयपुर @ पदमावत मीडिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान पेट्रोकेमिकल जोन प्रदेश की औद्योगिक अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां देने के साथ ही रोजगार सृजन एवं राजस्व अर्जन का प्रमुख केन्द्र बन रहा है। इस क्षेत्र में पेट्रोकेमिकल आधारित अधिकाधिक औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाए तथा पेट्रोकेमिकल उत्पादों का निर्माण एवं उनका उपयोग प्रदेश में ही सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार के प्रयासों से औद्योगिक गतिविधियों को अभूतपूर्व गति मिल रही है। पेट्रोकेमिकल जोन के सुनियोजित विकास से प्रदेश में निवेश के और नए अवसर सृजित होंगे।

एमडी ड्रग्स के साथ युवक गिरफ्तार

उल्हासनगर @ पदमावत मीडिया। उल्हासनगर शहर में नशीले पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत मध्यवर्ती पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक एमडी ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 36.75 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) पाउडर बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 9 हजार 350 रुपये बताई गई है। इस कार्रवाई से शहर में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के बीच हड़कंप मचा है। साथ ही इससे ये बात फिर उजागर हुई है कि शहर में नशीले पदार्थों का कारोबार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, 15 नवंबर को सुबह करीब 11.25 बजे उल्हासनगर के कैंप 3 स्थित महात्मा फुले हॉल के पास, पुरानी मराठी स्कूल परिसर में यह कार्रवाई की गई। गुप्त सूचना के आधार पर उल्हासनगर क्राइम ब्रांच यूनिट-4 के पुलिसकर्मी बाबूलाल दिनकर जाधव और उनकी टीम ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 36.75 ग्राम एमडी पाउडर बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी का नाम समीर जेठा खत्री (27) है।

सलूंबर जिले की तीन पंचायत समितियों में 82.80 प्रतिशत मतदान, झल्लारा में सर्वाधिक 85.75 प्रतिशत मतदान

- 2.13 लाख मतदाताओं में से 1.76 लाख ने किया मताधिकार का प्रयोग, महिला और दिव्यांग मतदाताओं ने भी उत्साह से निभाई लोकतांत्रिक भागीदारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com











सलूंबर। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जिले की सराड़ा, झल्लारा एवं जयसमंद पंचायत समितियों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अंतिम आंकड़ों के अनुसार तीनों पंचायत समितियों में कुल 82.80 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। ग्रामीण मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान में भाग लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिला निर्वाचन अधिकारी मुहम्मद जुनेद पी.पी. के निर्देशन में मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गईं। निर्वाचन अधिकारियों एवं कार्मिकों ने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी प्रबंध किए गए।

2,13,094 मतदाताओं में से 1,76,435 ने किया मतदान

अंतिम आंकड़ों के अनुसार जिले की तीनों पंचायत समितियों में कुल 2,13,094 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें 1,08,275 पुरुष और 1,04,819 महिला मतदाता शामिल थे। इनमें से कुल 1,76,435 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने वालों में 89,210 पुरुष और 87,225 महिलाएं शामिल रहीं।

झल्लारा में 85.75, सराड़ा में 83.52 प्रतिशत मतदान

पंचायत समिति वार आंकड़ों के अनुसार झल्लारा में सर्वाधिक 85.75 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यहां कुल 67,645 मतदाताओं में से 58,008 ने मतदान किया। इनमें 28,754 पुरुष और 29,254 महिलाएं शामिल रहीं।

सराड़ा पंचायत समिति में कुल 71,956 मतदाताओं में से 60,097 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां 83.52 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। मतदान करने वालों में 30,763 पुरुष और 29,334 महिलाएं शामिल रहीं।

वहीं जयसमंद पंचायत समिति में कुल 73,493 मतदाताओं में से 58,330 ने मतदान किया। यहां मतदान प्रतिशत 79.37 रहा। इनमें 29,693 पुरुष और 28,637 महिला मतदाता शामिल रहीं।

982 दिव्यांग मतदाताओं ने भी किया मतदान

मतदान प्रक्रिया में दिव्यांग मतदाताओं ने भी भागीदारी निभाई। जिले की तीनों पंचायत समितियों में कुल 1,251 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 982 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें सराड़ा पंचायत समिति में 326, झल्लारा में 288 और जयसमंद में 368 दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया।

प्रशासन ने मतदान प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं की सुविधा, मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं और निर्वाचन संबंधी दायित्वों के प्रभावी निर्वहन पर विशेष ध्यान दिया। अधिकारियों, पुलिस और निर्वाचन कार्मिकों के समन्वित प्रयासों से तीनों पंचायत समितियों में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

उदयपुर में विदेशी महिला पर्यटक से अभद्रता करने वाला युवक गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



उदयपुर। सूरजपोल थाना पुलिस ने टाउनहॉल गार्डन क्षेत्र में विदेशी महिला पर्यटक से अभद्रता करने और अश्लील गाने गाकर आमजन व पर्यटकों को परेशान करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार, 16 नवंबर 2026 को आसूचना अधिकारी कांस्टेबल हितेन्द्र सिंह को सूचना मिली कि टाउनहॉल गार्डन में एक युवक आए दिन अश्लील गाने गाकर लोगों और पर्यटकों को परेशान करता है। जांच में सामने आया कि इसी युवक ने पूर्व में एक विदेशी महिला पर्यटक के साथ भी अभद्रता की थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेकर प्रकरण दर्ज किया और जांच शुरू की।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा और वृत्ताधिकारी नगर पूर्व छवि शर्मा के सुपरविजन में सूरजपोल थानाधिकारी कमलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी सहायता से घटनास्थल तथा आसपास के करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के बाद आरोपी की पहचान आफताब उर्फ गबरू (23) पुत्र अबरार खान, निवासी दीवानशाह कॉलोनी, पटेल सर्कल, थाना सूरजपोल, हाल निवासी राजपूताना रिसोर्ट, सेक्टर-11, उदयपुर के रूप में हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

दिल्ली में 25 लाख रुपये की रिश्वत के मामले में एनसीबी के दो उप निरीक्षक गिरफ्तार, 12 लाख रुपये लेते पकड़े

- एनडीपीएस मामले में शिकायतकर्ता को झूठा नहीं फंसाने के बदले मांगी थी 50 लाख रुपये की रिश्वत; सीबीआई की कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



25 लाख की रिश्वत मामले में एनसीबी के दो अधिकारी गिरफ्तार। यह तस्वीर एआई द्वारा बनाई गई है)

दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 25 लाख रुपये की रिश्वत के मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के दो उप निरीक्षकों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को 12 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। सीबीआई ने 14 नवंबर 2026 को शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जाल बिछाया था। सीबीआई के अनुसार, एनसीबी की दिल्ली जोनल यूनिट, आर.के. पुरम, नई दिल्ली में तैनात उप निरीक्षक एवं जांच अधिकारी अजीत सिंह मीणा पर शिकायतकर्ता को एनडीपीएस अधिनियम के मामले में झूठा नहीं फंसाने के बदले 50 लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप था। शिकायत के सत्यापन के दौरान सामने आया कि आरोपी ने 25 लाख रुपये की मांग की थी और मामले में मदद करने के लिए पहली किस्त के रूप में 12 लाख रुपये लेने पर सहमति जताई थी। सीबीआई ने 14 नवंबर को जाल बिछाकर आरोपी उप निरीक्षक एवं जांच अधिकारी को एनसीबी के ही एक अन्य उप निरीक्षक के माध्यम से शिकायतकर्ता से 12 लाख रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए पकड़ लिया। इस कार्रवाई में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजीत सिंह मीणा, उप निरीक्षक एवं जांच अधिकारी, एनसीबी दिल्ली जोनल यूनिट तथा सुमीत कुमार, उप निरीक्षक, एनसीबी के रूप में हुई है।

दोनों आरोपियों को सक्षम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। मामले में सीबीआई की आगे की जांच जारी है।

पाली अस्पताल में चूहों के काटने और कुत्ते के घूमने पर चार कर्मचारियों पर गाज गिरी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

पाली। राजस्थान के पाली जिले के सरकारी अस्पताल के वार्ड में मरीजों को चूहों द्वारा काटने और एक कुत्ते के खुलेआम घूमने की शिकायतों के बाद, जिला अस्पताल प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। लापरवाही के आरोप में चार कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कदम उठाते हुए, वार्ड प्रभारी और नर्सिंग स्टाफ के एक सदस्य को दूसरे वार्ड में स्थानांतरित किया गया है, जबकि एक होमगार्ड जवान और एक हेल्पर को उनकी ड्यूटी से हटाया गया है। यह कार्रवाई सर्जिकल वार्ड-सी में भर्ती मरीजों, मोती सिंह और बाबू खान की पत्नी हसीना बानो, की शिकायतों के बाद की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि रविवार रात सोते समय चूहों ने उनके पैरों को काट लिया था। तभी अस्पताल के गलियारों में एक कुत्ते के घूमने का वीडियो भी सामने आया, जिसने अस्पताल की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. कैलाश परिहार ने बताया कि उन्होंने एक टीम के साथ सर्जिकल वार्ड-सी का निरीक्षण किया और मरीजों से बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद वार्ड प्रभारी तसनीम खातून और नर्सिंग स्टाफ के सदस्य रामकेश मीणा को तत्काल प्रभाव से दूसरे वार्ड में तैनात किया गया। परिहार ने पुष्टि की कि लापरवाही के आरोप में एक हेल्पर और एक होमगार्ड जवान को भी उनकी ड्यूटी से हटाया गया है।

आमेट की ग्राम पंचायत गोवल के नवनिर्वाचित सरपंच पुष्पेंद्र सिंह चुंडावत का महामंडलेश्वर भगवान नंदगिरि महाराज ने किया अभिनंदन

111 मतों से जीत दर्ज करने पर दी शुभकामनाएं, महाराज से प्राप्त किया आशीर्वाद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



कालागुमान। श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर भगवान नंदगिरि जी महाराज, महाकाल आश्रम कालागुमान (राजसमंद) ने पंचायत समिति आमेट की ग्राम पंचायत गोवल के नवनिर्वाचित सरपंच पुष्पेंद्र सिंह चुंडावत का सम्मान एवं अभिनंदन किया। पुष्पेंद्र सिंह चुंडावत ने सरपंच पद के चुनाव में 111 मतों से जीत दर्ज कर ग्राम पंचायत गोवल का नेतृत्व संभाला है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर भगवान नंदगिरि जी महाराज ने नवनिर्वाचित सरपंच का अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया। वहीं पुष्पेंद्र सिंह चुंडावत ने महाराज के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में संत परंपरा के प्रति सम्मान और सामाजिक सद्भाव की झलक देखने को मिली। महाराज द्वारा नवनिर्वाचित सरपंच का सम्मान किया जाना उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाओं और मंगलकामनाओं का प्रतीक रहा।

उदयपुर के करेलो का गुड़ा में 60 दिवसीय मेगा ड्राइव शुरू, पात्र ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



उदयपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं एडीजे राहुल चौधरी ने सोमवार को करेलो का गुड़ा गांव का दौरा कर 60 दिवसीय मेगा ड्राइव के तहत शुरू हुए घर-घर सर्वे अभियान का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सरकारी योजनाओं से जुड़ी पात्रता की जानकारी ली। अभियान के तहत पैरा लीगल वॉलंटियर्स और विधि के विद्यार्थी घर-घर सर्वे कर पात्र लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास करेंगे। इस दौरान एडीजे राहुल चौधरी ने केंद्रीय कारागृह, महिला सुधारगृह और राजकीय संप्रेषण गृह का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों एवं संबंधित लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता और नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी दी।

खबर संक्षेप

सलूंबर में पंचायत चुनाव मतगणना की तैयारियों का निरीक्षण

अभिकताओं और मीडिया के लिए विशेष व्यवस्थाएं

सलूंबर@ पदमावत मीडिया। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 की मतगणना को लेकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दिनेश राय सापेला ने मतगणना स्थल का निरीक्षण कर



व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि ए और सी ब्लॉक में अभ्यर्थियों एवं अभिकताओं के आवागमन की व्यवस्था रहेगी, जबकि बी ब्लॉक कार्मिकों के लिए आरक्षित रहेगा। मीडिया कर्मी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मतगणना परिणाम देख सकेंगे। सूचनाओं के प्रसारण के लिए माइक की व्यवस्था भी की जाएगी। बिना वैध पहचान पत्र के अभिकताओं को प्रवेश नहीं मिलेगा। राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के वाहनों की पार्किंग मतगणना स्थल से 200 मीटर बाहर निर्धारित की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुरक्षा, प्रवेश और पार्किंग सहित सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

किसानों को दिन में बिजली सिंचाई व्यवस्था को मिल रही मजबूती

जयपुर @ पदमावत मीडिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व एवं राज्य सरकार की प्रभावी नीतियों के परिणामस्वरूप राजस्थान अक्षय ऊर्जा, विशेषकर सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा है। प्रदेश में अब तक 51.6 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता तथा 45 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित हो चुकी है। अक्षय ऊर्जा उत्पादन, सौर ऊर्जा क्षमता स्थापना तथा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना के क्रियान्वयन में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है कि सौर ऊर्जा की अपार संभावनाओं का उपयोग कर प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जाए तथा किसानों, युवाओं और निवेशकों के लिए विकास एवं रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएं। राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियां, विशाल भू-भाग और वर्षभर उपलब्ध रहने वाली प्रचुर सूर्य की रोशनी इसे सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए विशेष रूप से अनुकूल बनाती हैं। राज्य सरकार इन संभावनाओं को साकार करने के लिए बड़े सौर ऊर्जा पार्कों, रूफटॉप सोलर, पवन ऊर्जा, बायोमास तथा ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है। प्रदेश का लक्ष्य वर्ष 2030 तक लगभग 125 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता विकसित करना है। इसके साथ ही भारत सरकार के वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट जीवाश्म रहित ईंधन आधारित स्थापित विद्युत क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति में राजस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के तीव्र विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा अनुकूल नीतिगत वातावरण तैयार किया गया है। मेगा अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राइट टू यूज नीति जारी की गई है। वहीं, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 के माध्यम से अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने वाले उद्यमियों एवं निवेशकों को विभिन्न प्रोत्साहन और सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इन पहलों से प्रदेश में बड़े निवेश आकर्षित होने के साथ ही ऊर्जा क्षेत्र में आधारभूत संरचना का विस्तार हो रहा है। राज्य में स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता में सौर ऊर्जा का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश में 51 हजार मेगावाट से अधिक अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित हो चुकी है, जिसमें सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता 45 हजार मेगावाट से अधिक है। इसके अतिरिक्त पवन ऊर्जा, बायोमास और अन्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। सौर ऊर्जा के अतिरिक्त उत्पादन का प्रभावी उपयोग करने तथा बिजली की अधिकतम मांग के समय ग्रिड प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं के विकास की कार्ययोजना भी तैयार की गई है।सौर ऊर्जा उत्पादन में लगातार हो रही वृद्धि का सकारात्मक प्रभाव प्रदेश के कृषि क्षेत्र पर भी दिखाई दे रहा है। राज्य के 28 जिलों के किसानों को दिन के समय कृषि कार्यों एवं सिंचाई के लिए बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। राज्य सरकार ने वर्ष 2027 तक प्रदेश के सभी जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इससे किसानों को सिंचाई के लिए सुविधाजनक समय पर बिजली मिलेगी तथा कृषि कार्यों में निर्भरता और अनिश्चितता कम होगी।

उदयपुर में 96 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की आशा सहयोगिनियों और एएनएम का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

दूसरे बैच के प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्रों में रोगों की शुरूआती पहचान, जांच और आयुष सेवाओं की जानकारी दी गई

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं आयुर्वेद विभाग राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयुष कार्मिकों के दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के दूसरे बैच का समापन सीसीआरटी, उदयपुर में हुआ। प्रशिक्षण में उदयपुर जिले के 96 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से जुड़ी आशा सहयोगिनियों एवं एएनएम ने भाग लिया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ 15 नवंबर को भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसका आयोजन वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. शोभा लाल औदिच्य की अध्यक्षता में किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक आदित्य और डॉ. महेंद्र सिंह राठौड़ उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग उदयपुर के उपनिदेशक डॉ. राजीव भट्ट, संभागीय सहायक निदेशक डॉ. राकेश सोलंकी तथा सहायक निदेशक डॉ. भानु कुमार जैन भी मौजूद रहे।







प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। इसके तहत आशा सहयोगिनियों एवं एएनएम को ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे के माध्यम से बीपी, मधुमेह, कैंसर, डेंगू, मलेरिया और पांडु रोग की शुरूआती पहचान, आवश्यक जांच तथा प्रकृति परीक्षण की जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं आयुर्वेदिक औषधालयों तक पहुंचाने और समय पर उपचार उपलब्ध कराने के तरीकों के बारे में बताया गया।

प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. केशव गुप्ता एवं विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को आयुर्वेदिक घरेलू उपचार, योग-प्राणायाम, ऋतुचर्या, आहार-विहार और औषधीय पौधों की उपयोगिता की जानकारी दी। इसके साथ ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा गांवों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के व्यावहारिक उपायों पर भी चर्चा की गई।

प्रशिक्षण में आयुष टीम के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, नर्सों, कंपाउंडरों, एएनएम, आशा सहयोगिनियों, आयुष मित्रों और योग प्रशिक्षकों को आपसी समन्वय से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को आवश्यकता के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

समापन अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष सेवाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाने में आशा सहयोगिनियों एवं एएनएम की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण से प्रतिभागियों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और कार्यक्षमता बढ़ने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोगों की समय पर पहचान, स्वास्थ्य जागरूकता तथा आयुष सेवाओं के विस्तार को गति मिलने की उम्मीद जताई गई।

उत्तराखंड समाज का दीपावली मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न, मेधावी विद्यार्थियों और विशिष्ट प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

खिलाड़ियों, वरिष्ठजनों और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वालों को किया सम्मानित, समाज भवन में दो नवनिर्मित कमरों का लोकार्पण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजस्थान ब्यूरो हेड : ऋचा पानेरी

उदयपुर। उत्तराखंड समिति उदयपुर की ओर से रविवार, 15 नवंबर को समाज भवन, बलीचा में दीपावली मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अर्जुनलाल मीणा तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष एवं पूर्व यूआईटी चेयरमैन रविंद्र श्रीमाली और गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चीफ मार्केटिंग मैनेजर कल्पेश रजबार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद दीपा पंत ने ईश वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर समाज भवन की ऊपरी मंजिल पर नवनिर्मित दो कमरों का अतिथियों ने लोकार्पण भी किया।

समारोह में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को रविंद्र श्रीमाली ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं रजनी जोशी की ओर से विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप नकद राशि दी गई। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को अर्जुनलाल मीणा ने प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए। समाज की कैरम एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कल्पेश रजबार ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

इस दौरान गत वर्ष सेवानिवृत्त हुए समाज के सदस्यों, 90 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त वरिष्ठजनों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया। पर्वतारोहण, रनिंग एवं साइक्लिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मोहित जोशी और भारतीय नौसेना में सेकंड लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित निशिता रावत को विशेष रूप से प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।



कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थितजनों का मन मोह लिया। समाज के कोषाध्यक्ष अशोक जोशी ने गत वर्ष का आय-व्यय विवरण सदन के समक्ष प्रस्तुत कर अनुमोदन के लिए रखा। कार्यक्रम का संचालन दीपा पंत ने किया। सचिव रमेश चंद्र जोशी ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि समाज के सदस्यों की सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह में समाज के बड़ी संख्या में सदस्य एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

अजमेर में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के विरुद्ध पुलिस की 29वीं कार्रवाई, 35 वर्षीय युवक पकड़ा

दरगाह क्षेत्र से जाहिदुल उर्फ जाहिद को किया दस्तयाब, वर्ष 2011 में अवैध रूप से भारत आने की बात स्वीकार की; अब तक 67 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक पकड़े

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

अजमेर। अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान और उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के अभियान के तहत अजमेर जिला पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने 29वीं कार्रवाई करते हुए सोमवार को दरगाह क्षेत्र से एक युवक को दस्तयाब किया। पूछताछ में युवक ने स्वयं को बांग्लादेशी नागरिक बताते हुए वर्ष 2011 में अवैध रूप से सीमा पार कर भारत आने की बात स्वीकार की। इस कार्रवाई के साथ जिले में अब तक दस्तयाब किए गए संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों की संख्या 67 हो गई है।

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा एवं अजमेर रेंज आईजी डॉ. रवि के निर्देश पर जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर एवं मुख्यालय हिमांशु जांगिड़ के निर्देशन तथा वृत्ताधिकारी दरगाह हर्षित शर्मा के नेतृत्व में सीआईडी जोन अजमेर के साथ विशेष टीम गठित की गई।



दरगाह क्षेत्र में तलाश के दौरान पकड़ा

पुलिस टीम ने मुखबिरों से मिली सूचनाओं, तकनीकी साधनों और अन्य जानकारियों के आधार पर दरगाह बाजार, जालियान कब्रिस्तान, अंदरकोट, नई सड़क, तारागढ़ की पहाड़ी, सिलावट मोहल्ला, बड़े पीर का चिल्ला, लंगर खाना गली, चश्मा-ए-नूर तारागढ़, त्रिपोलिया गेट, सोहले खंभा, झालरा और लाखन कोटड़ी सहित विभिन्न क्षेत्रों में तलाश की। इस दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया।

पूछताछ में उसने अपना नाम जाहिदुल उर्फ जाहिद (35) पुत्र मोहम्मद रूबिजलहक, निवासी गांव बोयरापारा, थाना धवनगंज, जिला जमालपुर, विभाग मेमनसिंह, बांग्लादेश बताया। दरगाह थाना पुलिस और सीआईडी जोन की टीम उसे थाने लेकर आई, जहां उससे पूछताछ की गई।

वर्ष 2011 में अवैध रूप से भारत आने की बात स्वीकारी

प्रारंभिक पूछताछ में जाहिदुल ने बताया कि उसने वर्ष 2011 में बांग्लादेश के बेनापोल बॉर्डर से अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था। इसके बाद वह पश्चिम बंगाल से ट्रेन के जरिए दिल्ली पहुंचा और करीब छह माह तक वहां रहा। फिर हरिद्वार में लगभग एक वर्ष तक खानाबदोश के रूप में रहा। वर्ष 2013-14 में अजमेर दरगाह शरीफ पहुंचा और यहां भी रहने लगा।

पूछताछ में उसने बताया कि इस दौरान वह बेंगलुरु, पुणे, दिल्ली और गुजरात सहित विभिन्न स्थानों पर करीब दो-तीन वर्ष तक रहा। इसके बाद वह वापस अजमेर आ गया। पुलिस उससे भारत में प्रवेश और यहां रहने से जुड़े तथ्यों को लेकर गहन पूछताछ कर रही है।

उदयपुर आयुर्वेद महाविद्यालय में नवप्रवेशित बीएएमएस-बीएनवाई विद्यार्थियों का वेदारंभ कार्यक्रम शुरू

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित बीएएमएस एवं बीएनवाई विद्यार्थियों के लिए वेदारंभ एवं उपनयन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञ के साथ हुआ। मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. अशोक आदित्य ने कहा कि आयुर्वेद एवं योग भविष्य की महत्वपूर्ण चिकित्सा पद्धतियां हैं और इनके प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। प्राचार्य प्रो. अशोक कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को अनुशासन और समर्पण के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को चरक शपथ दिलाई गई तथा रैगिंग से संबंधित किसी भी समस्या पर तत्काल महाविद्यालय प्रशासन को सूचित करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, स्नातकोत्तर एवं नवप्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे।



जयपुर में पंचायत चुनाव के चौथे चरण में सरपंच पदों पर 89.01 प्रतिशत मतदान

जयपुर @ पदमावत मीडिया। पंचायतीराज आम चुनाव के चतुर्थ चरण में सोमवार को जिले की बस्सी, तूंगा, जमवारामगढ़ और आंधी पंचायत समितियों की 140 ग्राम पंचायतों में सरपंच पदों के लिए मतदान हुआ। कुल 4 लाख 7 हजार 280 मतदाताओं में से 3 लाख 62 हजार 502 ने मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक के अनुसार जमवारामगढ़ में सर्वाधिक 89.86 प्रतिशत, आंधी में 89.25 प्रतिशत, बस्सी में 89.01 प्रतिशत और तूंगा में 87.01 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में कुल मतदान प्रतिशत 89.01 रहा। मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की भागीदारी रही और निर्धारित प्रक्रिया के तहत मतदान संपन्न हुआ।

उदयपुर में 138वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित, विभिन्न रोगों के मरीजों को मिला परामर्श

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। विज्ञान समिति, महावीर इंटरनेशनल एवं मिसाल सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 15 नवंबर को 138वां निःशुल्क मासिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने हृदय रोग, अस्थि रोग, मधुमेह, थायराइड, नेत्र, आयुर्वेद, होम्योपैथी और अन्य बीमारियों के मरीजों को परामर्श एवं उपचार दिया। इस दौरान लिवर जांच और पिछले तीन माह के औसत रक्त शर्करा स्तर की जानकारी देने वाली एचबीए1सी जांच की विशेष सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में हृदय रोग सहित विभिन्न श्रेणियों के कुल 154 मरीजों को परामर्श मिला। आयोजन में तीनों संस्थाओं के पदाधिकारियों, चिकित्सकों और स्वयंसेवकों ने सेवाएं दीं।



जनजातीय गौरव दिवस पर मुख्यमंत्री आवास में अंतरराष्ट्रीय लेक्रोस खिलाड़ियों का सम्मान, भजनलाल शर्मा ने उपलब्धियों को सराहा

बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर राजस्थान के जनजातीय महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों और प्रशिक्षक का अभिनंदन, शिक्षा, खेल और भविष्य के विकास में हरसंभव सहयोग का भरोसा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजस्थान ब्यूरो हेड : ऋचा पानेरी

जयपुर। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास परिसर में राजस्थान का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर रोशन करने वाले जनजातीय लेक्रोस महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों तथा उनके प्रशिक्षक का भव्य अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खिलाड़ियों से संवाद कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा, मेहनत, अनुशासन और संघर्ष के दम पर देश एवं प्रदेश को गौरवान्वित करने वाले इन खिलाड़ियों ने सीमित संसाधनों और अनेक चुनौतियों के बावजूद अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया है। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर उन्होंने जनजातीय समाज के साथ पूरे राजस्थान का गौरव बढ़ाया है।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, संयुक्त शासन सचिव कुंजीलाल मीणा, जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग की आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, अतिरिक्त आयुक्त महावीर खराड़ी, मंजू, कृष्णपाल सिंह चौहान, निशु अग्निहोत्री, राजस संघ के प्रबंधक विपणन रजनीश कुमार मीणा, उपनिदेशक शिक्षा राकेश रॉयल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, खेलप्रेमी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से किया संवाद, महिला खिलाड़ियों की उपलब्धियों को सराहा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खिलाड़ियों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से महिला खिलाड़ियों द्वारा विषम परिस्थितियों, सीमित संसाधनों और सामाजिक चुनौतियों के बीच हासिल की गई सफलताओं को प्रेरणादायक बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में इन खिलाड़ियों की उपलब्धियां प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक और खेल संबंधी विकास के लिए राजस्थान सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर मेहनत करने, अपने खेल कौशल को और निखारने तथा देश के लिए नई उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

जनजातीय अंचल की प्रतिभाओं को मिल रहा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच

उदयपुर सहित राजस्थान के जनजातीय क्षेत्रों में लेक्रोस खेल को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में राज्य सरकार, जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग तथा जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उदयपुर में स्थापित लेक्रोस खेल अकादमी और स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई जा रही खेल सुविधाओं, प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन से ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं।

इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप जनजातीय अंचल के खिलाड़ी आज अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं।

खिलाड़ियों और प्रशिक्षक ने जताया आभार

सम्मान समारोह में खिलाड़ियों और प्रशिक्षक ने राजस्थान सरकार द्वारा उदयपुर में लेक्रोस खेल अकादमी की स्थापना, खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और लगातार मिल रहे प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, उदयपुर लोकसभा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, विभाग की आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी तथा उदयपुर प्रशासन का धन्यवाद किया।

प्रशिक्षक के मार्गदर्शन और खिलाड़ियों की मेहनत से मिली पहचान

राजस्थान के खिलाड़ियों की लेक्रोस में निरंतर सफलता के पीछे प्रशिक्षक का मार्गदर्शन, खिलाड़ियों का कठिन परिश्रम, नियमित अभ्यास और टीम भावना महत्वपूर्ण रहे हैं। खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने में प्रशिक्षक के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि उचित प्रशिक्षण और निरंतर मार्गदर्शन से उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला।

बिरसा मुंडा के आदर्शों से प्रेरित होकर आगे बढ़ने का संकल्प

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित यह सम्मान समारोह जनजातीय खिलाड़ियों की उपलब्धियों के साथ जनजातीय समाज की प्रतिभा, संघर्ष, स्वाभिमान और सामर्थ्य को सम्मान देने का अवसर बना। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों की प्रतिभाओं को उचित अवसर, संसाधन और मार्गदर्शन मिले तो वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकती हैं।

सम्मानित खिलाड़ियों ने भविष्य में भी कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ भारत एवं राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने तथा देश के लिए और अधिक पदक जीतकर जनजातीय समाज और प्रदेश का गौरव बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

संपर्क पोर्टल की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें अधिकारी : जिला कलेक्टर

डूंगरपुर@ पदमावत मीडिया। जिला कलेक्टर देशलदान की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।



उन्होंने अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा परिवादियों से संवाद कर समस्याओं का संतोषजनक समाधान करने के निर्देश दिए। आगामी 20 नवंबर को होने वाली मतगणना की तैयारियां समय पर पूरी करने तथा जनजाति गौरव उत्सव और वागड़ महोत्सव का सफल आयोजन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में पेयजल, विद्युत आपूर्ति, कृषि, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन वितरण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने गौशालाओं में चारा-पानी, अस्पतालों में 24 घंटे सेवाएं और पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

तेलंगाना में नगर नियोजन अधिकारी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज

6.76 करोड़ की संपत्ति का खुलासा

रंगारेड्डी@ पदमावत मीडिया। तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में मोइनाबाद नगर पालिका की नगर नियोजन अधिकारी गुंडू वाणी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है। 16 नवंबर को उनके आवास, कार्यालय और रिश्तेदारों सहित आठ ठिकानों पर तलाशी ली गई। जांच में भूखंड, आवासीय फ्लैट, तीन मंजिला मकान, कृषि भूमि, नकदी, बैंक जमा, सोना, वाहन और निवेश सहित कुल 6,76,45,738 रुपये की संपत्ति का पता चला है। इससे पहले 30 सितंबर को 75 हजार रुपये की रिश्वत मांगने और पंचायत सचिव के माध्यम से स्वीकार करने के आरोप में उन्हें रंगे हाथों पकड़ा गया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। एसीबी अतिरिक्त संपत्तियों की जांच कर रही है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।



उदयपुर की डॉ. राजश्री गांधी बनीं विश्व मां भारती जन कल्याण परिषद की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा

स्वामी मोहिंदर पाल सनातनी एवं सुरेखा शर्मा ने दी बधाई, संगठन विस्तार और महिला सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की जताई उम्मीद

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। विश्व मां भारती जन कल्याण परिषद में उदयपुर की डॉ. राजश्री गांधी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा नियुक्त किए जाने पर संगठन के



पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी मोहिंदर पाल सनातनी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा सुरेखा शर्मा ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। स्वामी मोहिंदर पाल सनातनी और सुरेखा शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. राजश्री गांधी अपनी नई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण और लगन के साथ करेंगी। उनके नेतृत्व और सक्रिय सहभागिता से संगठन की गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर पर नई गति मिलेगी तथा अधिकाधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. राजश्री गांधी महिला सशक्तीकरण, संगठन को मजबूत बनाने और समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। साथ ही संपूर्ण राष्ट्र में संगठन के उद्देश्यों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रियता से कार्य करेंगी। संगठन के दोनों पदाधिकारियों ने डॉ. राजश्री गांधी के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और सफल कार्यकाल की मंगलकामना करते हुए पुनः बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

राजसमंद में विद्यार्थियों और गुरुद्वारा साहिब में आमजन को दी साइबर सुरक्षा की सीख, निजी जानकारी सुरक्षित रखने पर दिया जोर

विद्यालय में विद्यार्थियों और कांकरोली गुरुद्वारा साहिब में सिख समुदाय के लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजसमंद। जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल की जिले को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक और डिजिटल रूप से साक्षर बनाने की पहल के तहत राजसमंद पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरचा में विद्यार्थियों तथा कांकरोली स्थित सिख समुदाय के पवित्र धार्मिक स्थल श्री गुरुद्वारा साहिब में आमजन को साइबर अपराधों की पहचान, डिजिटल सुरक्षा और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

विद्यार्थियों को समझाए डिजिटल सुरक्षा के तरीके

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरचा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान साइबर पुलिस थाना राजसमंद के प्रोग्रामर खैरूल वसीम ने विद्यार्थियों को सरल और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने व्यक्तिगत जानकारी, मोबाइल नंबर, फोटो और पासवर्ड सुरक्षित रखने तथा अनजान



व्यक्तियों के साथ साझा नहीं करने की सलाह दी।

उन्होंने मोबाइल ऐप का उपयोग करते समय कैमरा, माइक्रोफोन, लोकेशन और संपर्क सूची जैसी सुविधाओं की अनुमति सोच-समझकर देने की जानकारी दी। साथ ही फर्जी सोशल मीडिया खाते, ऑनलाइन धमकी, साइबर उत्पीड़न, फर्जी लिंक और पहचान की चोरी जैसे अपराधों से बचने के उपाय बताए। विद्यार्थियों को मजबूत पासवर्ड रखने, दो-स्तरीय सुरक्षा सुविधा अपनाने, सोशल मीडिया की गोपनीयता संबंधी व्यवस्थाएं सही रखने तथा अनजान लिंक और एपीके फाइल डाउनलोड नहीं करने की सलाह दी गई। उन्हें बताया गया कि इंटरनेट का उपयोग करते समय जागरूकता और सतर्कता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। किसी भी प्रकार के साइबर अपराध का शिकार होने पर घबराने के



बजाय तुरंत 1930 पर संपर्क करें अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

गुरुद्वारा साहिब में सिख समुदाय को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी

जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल के निर्देशन में श्री गुरुद्वारा साहिब, कांकरोली में भी साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें साइबर पुलिस थाना राजसमंद के प्रोग्रामर खैरूल वसीम ने सिख समुदाय के लोगों को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों और उनसे बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी किसी भी व्यक्ति को अपना निशाना बना सकते हैं। अपराध को अंजाम देने के लिए वे पहले जानकारी जुटाते हैं, फिर ठगी के तरीके तैयार करते हैं, लोगों तक पहुंच बनाते हैं और इसके बाद उनका शोषण करते हैं। उन्होंने साइबर अपराधियों की कार्यप्रणाली को समझाते हुए लोगों को अनजान व्यक्तियों और संदिग्ध संदेशों से सतर्क रहने की सलाह दी।

कार्यक्रम में व्यक्तिगत जानकारी जैसे मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, नाम और पते को सुरक्षित रखने तथा इन्हें सार्वजनिक करने से बचने पर विशेष जोर दिया गया। सोशल मीडिया खातों की गोपनीयता बनाए रखने, अनजान खरीदारी वेबसाइटों से सामान नहीं खरीदने और इंटरनेट पर निजी जानकारी साझा करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम के अंत में गुरुद्वारा समिति ने राजसमंद पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की। समिति ने भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया तथा अपनी ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। राजसमंद पुलिस द्वारा जिले के विद्यार्थियों से लेकर आमजन तक साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंचाने के लिए किए जा रहे ये प्रयास डिजिटल जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं।

राज कृति पुस्तक ने राजस्थान की महिला कलाकारों और पारंपरिक कलाओं को दिलाई नई पहचान

प्रतापगढ़ की मांडना कला सहित पांच चित्रकला परंपराओं को किया प्रस्तुत, दिल्ली के बीकानेर हाउस में हुई पुस्तक चर्चा

प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया। नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में राज कृति झ्र द स्पिरिट ऑफ राजीविका वीमेन इन कलर पुस्तक पर विशेष चर्चा आयोजित की गई। लेखिका नेहा गिरि, आईएएस की इस पुस्तक में राजस्थान की पांच पारंपरिक चित्रकला शैलियों–लघु चित्रकला, पिछवाई, बनी-ठनी, मांडना और कावड़ कला को महिला कलाकारों के योगदान के साथ प्रस्तुत किया गया है। कार्यक्रम में प्रतापगढ़ जिले के अरनोद की मांडना कलाकार राधा रैदास ने अपने कला सफर और पारंपरिक कला को नई पहचान दिलाने के अनुभव साझा किए। परिचर्चा में राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित विभिन्न अतिथियों ने महिला कलाकारों के कौशल विकास, बाजार तक पहुंच और आर्थिक आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। कार्यक्रम में उदयपुर की पद्मा मेघवाल, चित्तौड़गढ़ की संतोष सुथार और किशनगढ़ की पूजा साहू सहित महिला कलाकारों की कलाकृतियां भी प्रदर्शित की गईं। पुस्तक में राजीविका के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की कला, संघर्ष और सफलता की कहानियों को स्थान दिया गया है।



राजसमंद में 64.50 लाख का 430 किलो डोडा चूरा जब्त, इनोवा क्रिस्टा और तीन फर्जी नंबर प्लेट बरामद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजसमंद। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत राजसमंद डीएसटी, साइबर सेल और कुंवारिया थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 430.68 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद किया है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 64.50 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त इनोवा क्रिस्टा कार और अलग-अलग वाहनों की तीन फर्जी नंबर प्लेट भी जब्त की हैं। नाकाबंदी के दौरान चालक पुलिस को चकमा देकर घने जंगल में फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, 15 नवंबर 2026 को डीएसटी और कुंवारिया थाना पुलिस की टीम ने खंडेल से बख्तपुरा रोड पर नाकाबंदी की थी। इसी दौरान खंडेल की तरफ से मैरून रंग की इनोवा क्रिस्टा कार नंबर आरजे 27 यूबी 3875 तेज गति से आती दिखाई दी। पुलिस ने वाहन रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने कार भगाने का प्रयास किया। पुलिस ने सड़क पर



स्टॉप स्टिक लगाकर वाहन के टायर पंचर कर दिए, इसके बावजूद चालक कार को तेज गति से घने जंगल की ओर ले गया और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस टीमों ने जंगल में उसकी तलाश की, लेकिन वह हाथ नहीं आया।

पुलिस ने इनोवा क्रिस्टा की तलाशी ली तो पीछे की सीट और डिक्की से 23 कट्टों में भरा 430.68 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद हुआ। वाहन से तीन अलग-अलग वाहनों की नंबर प्लेट भी मिलीं। पुलिस के अनुसार, तस्कर अपनी पहचान छिपाने के लिए अलग-अलग स्थानों पर फर्जी नंबर प्लेट बदलकर इस्तेमाल करते थे। मौके पर मादक पदार्थ, वाहन और नंबर प्लेट जब्त कर कुंवारिया थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया है।

यह कार्रवाई उदयपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक के ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान तथा जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पारीक और वृत्ताधिकारी राजसमंद नेत्रपाल सिंह के सुपरविजन में की गई। डीएसटी प्रभारी केशाराम और साइबर सेल से मिले इनपुट तथा मुखबिर की सूचना के आधार पर डीएसटी और कुंवारिया थाना पुलिस ने संयुक्त नाकाबंदी कर कार्रवाई को अंजाम दिया।

इस कार्रवाई में डीएसटी प्रभारी केशाराम, हेड कांस्टेबल अरविंद, विजय सिंह और करण सिंह, कांस्टेबल रामकिशोर, धारासिंह व चालक हंसराज, साइबर सेल के कांस्टेबल इन्द्र चोयल और ओमप्रकाश तथा कुंवारिया थाना प्रभारी गणपत सिंह, सहायक उप निरीक्षक बलवीर सिंह, कांस्टेबल पिकेश, बालाराम, मुकेश और चालक कांस्टेबल भैरूलाल शामिल रहे।

श्रद्धा एवं उल्लास के साथ हुआ कलम-दवात पूजन, संगीतमय कथा का आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। श्री चित्रगुप्त सभा माथुर समाज की ओर से सेक्टर-4 स्थित समाज भवन में कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी का कलम-दवात पूजन एवं संगीतमय कथा का आयोजन विधि-विधान एवं भक्तिभाव के साथ हर्षोल्लासपूर्वक किया गया। इस धार्मिक आयोजन में समाज के बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया। बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया।



सभी समाजजनों ने भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा-अर्चना कर धर्मलाभ प्राप्त किया। समाज के उपाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद माथुर ने बताया कि पूजन एवं कथा के यजमान प्रदीप चंद एवं साधना माथुर रहे। संपूर्ण पूजन एवं संगीतमय कथा कायस्थ समाज के पंडित लोकेश भटनागर द्वारा विधि-विधानपूर्वक संपन्न करवाई गई। कथा के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और उपस्थित समाजजनों ने श्रद्धापूर्वक इसका आनंद लिया।

समारोह के समापन पर सभी के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर समाजजनों ने एक-दूसरे को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं। समूचा आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता एवं आपसी सौहार्द का सुंदर उदाहरण रहा।

पंचकूला क्लब फायरिंग से जुड़े अंतरराष्ट्रीय नार्को-टेरर नेटवर्क के दो और इनामी आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

पंचकूला। हरियाणा एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एचएटीएस) ने अंतरराष्ट्रीय नार्को-टेरर नेटवर्क से जुड़े मामले में दो और इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फाजिल्का (पंजाब) निवासी बलविन्द्र सिंह उर्फ छनकु और सुखविन्द्र सिंह उर्फ सोनू के रूप में हुई है। बलविन्द्र पर 50 हजार और सुखविन्द्र पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। एसओजी अंबाला की टीम ने दोनों को 14 नवंबर को गिरफ्तार किया। न्यायालय ने उन्हें पांच दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा है। पंचकूला के सेक्टर-11 स्थित अलिफ लैला क्लब में 13 सितंबर को हुई फायरिंग की जांच में अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा



हुआ था। इस मामले में अब तक नौ आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस के अनुसार नेटवर्क के तार अमेरिका में बैठे हैंडलरों से जुड़े हैं। हथियारों, नशीले पदार्थों की सप्लाई और वित्तीय लेन-देन की जांच जारी है। पहले गिरफ्तार आरोपियों से दो पिस्टल, 11 कारतूस, 529 ग्राम हेरोइन, तीन वाहन, एक मोटरसाइकिल और तीन कैश काउंटिंग मशीन बरामद की गई थीं।

प्रतापगढ़ में एक भी बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रहे, गर्भवती महिलाओं की गुणवत्तापूर्ण एएनसी सुनिश्चित करें : सीएमएचओ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

प्रतापगढ़। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नागेंद्र सिंह सिसोदिया ने सोमवार को धमोत्तर खंड स्तरीय समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक बच्चे का नियमित टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए तथा सभी गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण और निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) कराई जाए। उन्होंने एचपीवी टीकाकरण, टीबी मुक्त भारत अभियान और गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रमों के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने पर जोर दिया। साथ ही डेंगू-मलेरिया की निगरानी, समय पर जांच एवं उपचार, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता और स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सलूंबर में मतगणना की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने बनाई कार्ययोजना

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

सलूंबर। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत 20 नवंबर को होने वाली जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों की मतगणना को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दिनेश राय सापेला की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर मतगणना व्यवस्थाओं की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

बैठक में मतगणना दिवस पर मीडिया कवरेज और सूचना संप्रेषण की प्रभावी व्यवस्था, टीवी, एलईडी स्क्रीन एवं अन्य तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता पर चर्चा हुई। साथ ही मतगणना स्थल पर वीडियोग्राफी, ईवीएम प्रबंधन तथा विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए कार्मिकों और टीमों की जिम्मेदारियां निर्धारित करने पर जोर दिया गया।

मतगणना स्थल पर प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, कार्मिकों और अधिकृत व्यक्तियों की आवाजाही तथा मीडिया प्रतिनिधियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा



कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली, परिणामों की जानकारी का त्वरित संप्रेषण और मीडिया तक अधिकृत सूचनाएं समय पर पहुंचाने की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई।

मतगणना से पहले 18 नवंबर को संबंधित कार्मिकों की ब्रीफिंग एवं प्रशिक्षण आयोजित कर उन्हें सौंपे गए दायित्वों और व्यवस्थाओं की जानकारी देने पर जोर दिया गया। मतगणना दिवस पर कानून-व्यवस्था एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए अग्नि सुरक्षा, पार्किंग प्रबंधन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में संबंधित प्रकोष्ठ के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

कथनी से अधिक महत्वपूर्ण है करनी : प्रशांत अग्रवाल

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। नारायण सेवा संस्थान के सेवातीर्थ स्थित वर्ल्ड ऑफ ह्यूमैनिटी में आयोजित ह्यअपनों से अपनी बातह्न कार्यक्रम का समापन संत कबीर के दोहों और जीवन प्रसंगों के माध्यम से जीवन मूल्यों की सीख के साथ हुआ। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने कबीर की 21 शिक्षाओं का सरल अर्थ समझाते हुए कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके पद और प्रतिष्ठा से नहीं, बल्कि विचारों और कर्मों से होती है। उन्होंने कहा कि मीठी बातें करने से अधिक जरूरी अच्छे कर्म करना है। प्रेम, सत्य, करुणा, ईमानदारी, परोपकार और जरूरतमंदों की सहायता ही सच्ची भक्ति है। कबीर की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को सद्भाव, मानवता तथा आत्मसुधार का संदेश देती हैं। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं और दिव्यांगजनों से संवाद किया गया।



पीएमसीएच में क्लिनिकल साइकोलॉजी के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (पीएमसीएच) के क्लिनिकल साइकोलॉजी एवं साइकेट्री विभाग की ओर से मास्टर्स इन क्लिनिकल साइकोलॉजी पाठ्यक्रम के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के



लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रिंसिपल डॉ. यूएस परिहार ने मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेषज्ञों की बढ़ती आवश्यकता बताते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नैदानिक प्रशिक्षण के माध्यम से समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार साल्वी ने पाठ्यक्रम, व्यावहारिक प्रशिक्षण और करियर संभावनाओं की जानकारी दी। डॉ. नंदलाल प्रजापति, डॉ. विकास गौड़, डॉ. प्रेरणा शर्मा और पिंकी त्रिवेदी ने भी विद्यार्थियों को शैक्षणिक गतिविधियों, शोध, इंटर्नशिप और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया।

खबर संक्षेप

उदयपुर में सड़क हादसों में मौतों का आंकड़ा 25 प्रतिशत घटाने का लक्ष्य

53 ब्लैक स्पॉट होंगे दुरुस्त

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। जिले में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत तक कमी लाने के लक्ष्य के साथ जिला प्रशासन रोड



सेफ्टी एक्शन प्लान पर प्रभावी अमल करेगा। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सामने आया कि सर्वाधिक हादसे दुपहिया वाहनों से हो रहे हैं और 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष सबसे अधिक प्रभावित हैं। एडीएम ने स्कूलों में रोड सेफ्टी क्लब गठित करने, हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस की जांच तथा स्टंट करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जिले के 53 ब्लैक स्पॉट पर सड़क इंजीनियरिंग सुधार और संकेतक लगाने के साथ चिरवा टनल में आतिशबाजी करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए।

प्रतापगढ़ में स्काउट गाइड के आधिकारिक स्टीकर का जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने किया विमोचन

प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड जिला मुख्यालय की ओर से स्थापना दिवस के अवसर पर आधिकारिक



स्टीकर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने स्टीकर का विमोचन कर जिलेभर में बिक्री अभियान की शुरूआत की। सीओ गाइड रेखा शर्मा ने बताया कि अभियान से प्राप्त सहयोग राशि आपदा एवं आकस्मिक दुर्घटनाओं में जरूरतमंदों की सहायता के लिए आरक्षित कोष में जमा की जाएगी। जिला कलेक्टर ने राजकीय एवं निजी विद्यालयों के संस्थाप्रधानों से अभियान में पूर्ण सहयोग देने और अधिकाधिक विद्यार्थियों एवं आमजन को जोड़ने की अपील की। कार्यक्रम में स्काउटर कैलाश मालवीय, गौरव रैदास, रोवर आयुष सुथार और प्रीतम सिंह उपस्थित रहे।

लद्दाख में पंचायत, नगर निकाय और एलएएचडीसी चुनावों की तैयारियों की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

लेह @ पदमावत मीडिया। लद्दाख के मुख्य सचिव आशीष कुंद्रा ने आगामी पंचायत, नगर निकाय एवं लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद



(एलएएचडीसी) चुनावों की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने मतपेटियों, मतपत्रों की छपाई, ईवीएम, सीसीटीवी कैमरों, हीटिंग व्यवस्था, परिवहन और मतगणना सहित आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा कर सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में मतदाता सूची, सेवा मतदाताओं, मतदाता जागरूकता अभियान और नामांकन प्रक्रिया की प्रगति पर भी चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को राज्य निर्वाचन आयोग के साथ समन्वय बनाए रखने तथा चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

राजस्थान में सरकारी शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़कर 73 लाख पहुंचा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र को नई दिशा, 48,465 नई नियुक्तियां और 66,047 पदोन्नतियां; विद्यालयों के विकास पर 12,500 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजस्थान ब्यूरो हेड : ऋचा पानेरी

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार सरकारी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत और आधुनिक बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, योग्य शिक्षकों की उपलब्धता, विद्यार्थियों के लिए समान अवसर, बालिका शिक्षा, डिजिटल सुविधाओं और विद्यालयों के भवनों के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। राज्य सरकार के अनुसार 15 दिसंबर 2023 से अब तक शिक्षा विभाग में नियुक्तियों, पदोन्नतियों, नामांकन, परीक्षा परिणाम और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

राज्य सरकार का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों को ऐसी मजबूत शिक्षा व्यवस्था के रूप में विकसित करना है, जहां प्रत्येक विद्यार्थी को समय पर पाठ्य-पुस्तकें, योग्य शिक्षकों का मार्गदर्शन, सुरक्षित वातावरण और आधुनिक तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इसी दिशा में शिक्षा विभाग ने विभिन्न स्तरों पर सुधार और विकास कार्यों को गति दी है।

48,465 नई नियुक्तियां और 66,047 पदोन्नतियां

सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों और अन्य कार्मिकों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए विभिन्न संवर्गों में अब तक 48,465 नई नियुक्तियां दी गई हैं। विद्यालयों में 19 हजार सहायक कर्मचारियों की पदस्थापना भी की गई है। इसके अलावा 66,047 कार्मिकों को पदोन्नति प्रदान की गई है। यह संख्या पूर्ववर्ती सरकार के पूरे कार्यकाल में दी गई 58,339 पदोन्नतियों से अधिक बताई गई है।

सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़कर 73 लाख

राज्य सरकार के अनुसार सरकारी विद्यालयों में



विद्यार्थियों का नामांकन बढ़कर 73 लाख हो गया है। कोविड के बाद लगातार घट रहे नामांकन के रुझान में बदलाव आया है। गत वर्ष लगभग 72.50 लाख विद्यार्थियों के मुकाबले इस वर्ष नामांकन बढ़कर 73 लाख पहुंच गया है। नए शैक्षणिक सत्र में कक्षा एक से 12वीं तक के विद्यार्थियों को 4.42 करोड़ पाठ्य-पुस्तकें समय पर वितरित की गई हैं।

विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं के विकास पर अब तक 2,723 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। अनुकंपा नियुक्ति के मामलों के समयबद्ध निस्तारण के तहत पिछले दो महीनों में बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक, प्रयोगशाला सहायक, कनिष्ठ सहायक और सहायक कर्मचारी संवर्ग के 83 मामलों का निस्तारण कर नियुक्तियां दी गई हैं।

समय पर शुरू हुआ नया शैक्षणिक सत्र, परीक्षा परिणाम भी जल्द जारी

सरकारी और निजी विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया एक समान समय पर शुरू करने तथा सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरूआत एक अप्रैल से की गई। कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम मार्च 2026 के अंतिम सप्ताह में जारी किए गए, ताकि विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रवेश के लिए अधिक इंतजार नहीं करना पड़े।

बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम, बालिकाओं का प्रदर्शन आगे

राज्य में इस वर्ष कक्षा 10वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत से अधिक रहा। इसमें 23 प्रतिशत से अधिक बालिकाओं और 20 प्रतिशत बालकों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं कक्षा 12वीं के विज्ञान और कला वर्ग का परिणाम 97.5 प्रतिशत तथा वाणिज्य वर्ग का परिणाम 93.5 प्रतिशत रहा।

आरटीई के तहत 2,146.35 करोड़ रुपये का पुनर्भरण

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों को राज्य सरकार के कार्यकाल में अब तक 2,146.35 करोड़ रुपये का पुनर्भरण किया गया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 2.37 लाख नए विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश दिया गया। वहीं सत्र 2026-27 में 4.39 लाख नए विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश से जोड़ने की प्रक्रिया की गई है। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों को शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराना है।

बालिका शिक्षा को बढ़ावा, 13.85 लाख से अधिक साइकिलें वितरित

बालिकाओं की विद्यालयों तक पहुंच आसान बनाने और उनकी पढ़ाई जारी रखने के उद्देश्य से अब तक 13,85,373 से अधिक साइकिलें वितरित की जा चुकी हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 116 खुले व्यायाम स्थल, 455 आधुनिक रसोईघर और 129 कपड़े धोने की मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं।

मेधावी विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए 88,724 इंटरनेट कनेक्शन सहित निःशुल्क टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा फरवरी 2024 से अब तक तीन शैक्षणिक सत्रों के चयनित विद्यार्थियों को 19,766 अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किए गए हैं।

विद्यालय भवनों और कक्षा-कक्षों के निर्माण पर जोर

राज्य सरकार के कार्यकाल में 182.50 करोड़ रुपये की लागत से 179 विद्यालय भवनों का निर्माण कराया गया है। जर्जर कक्षा-कक्षों के स्थान पर 757 करोड़ रुपये की लागत से 7,945 अतिरिक्त कक्षा-कक्षों का निर्माण किया गया है।

प्रदेश के सभी 41 जिलों में तकनीकी सर्वे के आधार पर विद्यालयों के विकास के लिए लगभग 12,500 करोड़ रुपये का तीन वर्षीय रोडमैप तैयार किया गया है। इसके तहत 2,487.75 करोड़ रुपये की लागत से 3,587 नए विद्यालय भवन, 8,378.30 करोड़ रुपये की लागत से 83,783 नए कक्षा-कक्ष, 1,129.45 करोड़ रुपये की लागत से 22,589 विद्यालयों में बड़े मरम्मत कार्य तथा 340.40 करोड़ रुपये की लागत से 13,616 नए शौचालय परिसर बनाने के कार्य प्रस्तावित हैं।

डिजिटल शिक्षा के विस्तार पर 1,087 करोड़ रुपये का निवेश

विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए राज्य में डिजिटल शिक्षा का विस्तार किया जा रहा है। लगभग 107 करोड़ रुपये की लागत से 9,000 स्मार्ट कक्षाएं स्थापित की जाएंगी। करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से 80 हजार टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही लगभग 880 करोड़ रुपये की लागत से 7,000 सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) प्रयोगशालाएं स्थापित करने की योजना है।

राज्य सरकार का कहना है कि नियुक्तियों, पदोन्नतियों, विद्यालयों में बढ़ते नामांकन, बालिका शिक्षा, डिजिटल सुविधाओं और भवन निर्माण से जुड़े प्रयासों के माध्यम से राजस्थान की सरकारी शिक्षा व्यवस्था को अधिक सशक्त और आधुनिक बनाया जा रहा है।

उदयपुर के रेबारियों का गुड़ा में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित, ग्रामीणों को केवाईसी और बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी दी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा क्रिसिल फाउंडेशन के सहयोग से संचालित वित्तीय साक्षरता केंद्र बड़गांव की ओर से रेबारियों का गुड़ा में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने के साथ केवाईसी और नए बैंक खाते खोलने का कार्य किया गया।

शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना तथा उन्हें वित्तीय सेवाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक करना रहा। इस दौरान ग्रामीणों के केवाईसी संबंधी कार्य किए गए और नए बैंक खाते खोलने की प्रक्रिया पूरी की गई। इससे ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं तक पहुंच बनाने में सहायता मिली। कार्यक्रम में क्रिसिल फाउंडेशन की सेंटर मैनेजर विभा जानी



भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में एसबीआई एवं क्रिसिल फाउंडेशन की पहल, शिविर में नए बैंक खाते खोलने और केवाईसी का कार्य किया गया

तथा भारतीय स्टेट बैंक के बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) गेमर और सुमित उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर में ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं से संबंधित आवश्यक सहयोग प्रदान किया। वित्तीय साक्षरता केंद्र बड़गांव की यह पहल ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने और लोगों को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण रही।

उदयपुर में लोक-विधिक सेवा हेल्पलाइन शुरू, जरूरतमंदों को मिलेगी जनहितकारी सेवाओं की जानकारी

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। लोक-विधिक सेवा के निःशुल्क एवं निःस्वार्थ स्वयं पोषित जीवोत्थान संस्थान की ओर से सोमवार को लोक-विधिक सेवा हेल्पलाइन का शुभारंभ किया गया। न्यायाधीश महेंद्र सिंह सिसोदिया ने हेल्पलाइन शुरू करते हुए संस्थान की पहल की सराहना की। संस्थान के संरक्षक डॉ. यादवेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि हेल्पलाइन के माध्यम से आमजन को संस्थान की जनहितकारी एवं राष्ट्रसेवा से जुड़ी गतिविधियों का लाभ मिल सकेगा। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 9413287085 जारी किया गया है।

संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के निस्तारण में बरतें गंभीरता, समयबद्ध समाधान के दिए निर्देश

जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में विभागवार कार्यों की समीक्षा, पंच गौरव कार्यक्रम और सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर प्रस्तावित आयोजनों की तैयारियों पर भी हुई चर्चा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजस्थान ब्यूरो हेड : ऋचा पानेरी

उदयपुर। जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल के निर्देशन एवं एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के मिनी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में संपर्क पोर्टल पर दर्ज जनशिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए निस्तारित और लंबित प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली गई। अधिकारियों को लंबित मामलों का प्राथमिकता से और तय समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

एडीएम प्रशासन ने कहा कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लिया जाए तथा आमजन की शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान

सुनिश्चित करने और लंबित मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ), प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) तथा विभिन्न आयोगों से प्राप्त शिकायतों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। एडीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही अंतरविभागीय प्रकरणों के निस्तारण के लिए तैयार समीक्षा पोर्टल पर दर्ज मामलों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करने को कहा।

बैठक में पंच गौरव कार्यक्रम के कार्यों की भी समीक्षा की गई। एडीएम प्रशासन ने कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक सांख्यिकी पुनीत शर्मा से पिछले वर्ष जारी बजट की उपयोगिता और चालू वित्तीय वर्ष में अब तक हुई प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बजट का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने तथा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर होंगे कार्यक्रम

आगामी दिसंबर माह में राज्य सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। एडीएम प्रशासन ने संबंधित विभागों को निर्धारित कार्यक्रम कैलेंडर के अनुसार आयोजन की रूपरेखा तैयार करने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रमों की प्रभावी तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा, गिर्वा एसडीएम अवुला साईकृष्ण, प्रशिक्षु आईएएस अदिति यादव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

झुंझुनूं के सूरजगढ़ में हाईकोर्ट के फर्जी आदेश तैयार कर चुनाव लड़ने का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

सूरजगढ़। पंचायत चुनाव लड़ने के लिए हाईकोर्ट के कथित फर्जी आदेश और नामांकन संबंधी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने के मामले में सूरजगढ़ थाना पुलिस ने विक्रम सिंह (40) पुत्र बहादुर सिंह निवासी रूपपुरा, तन कुलोठ खुर्द, जिला झुंझुनूं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन का रिमांड प्राप्त किया है। पुलिस के अनुसार 31 अक्टूबर को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट संदीप चौधरी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया था। जांच में कथित फर्जी दस्तावेजों के आधार पर चुनाव लड़ने का प्रयास सामने आया। पुलिस अब इस षड्यंत्र में शामिल अन्य व्यक्तियों की भूमिका की जांच कर रही है।

जयपुर के 299वें स्थापना दिवस पर 17 और 18 नवंबर को होंगे भव्य आयोजन, सजेगी संस्कृति और साहित्य की महफिल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

जयपुर। गुलाबी नगरी के 299वें स्थापना दिवस पर नगर निगम की ओर से 17 एवं 18 नवंबर को दो दिवसीय समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रमों की शुरूआत 17 नवंबर को सुबह 9 बजे मोती डूंगरी गणेश मंदिर में गणेश निमंत्रण के साथ होगी। शाम 5 बजे बिरला ऑडिटोरियम में कवि सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें हरिओम पंवार, एहसान कुरैशी, दिनेश रघुवंशी, सुरेश अलबेला सहित देशभर के कवि एवं कवयित्रियां प्रस्तुति देंगे। शहर के प्रमुख प्रवेश द्वारों और गणेश मंदिर पर शहनाई वादन भी होगा। 18 नवंबर को सुबह गंगापोल दरवाजे पर गणेश पूजन और गोविंद देवजी मंदिर में दर्शन-पूजन होगा। शाम 5 बजे स्टेच्यू सर्किल पर दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महापौर सुनील कोठारी ने शहरवासियों से समारोह में भागीदारी की अपील की है।

उदयपुर में ICAR–NBSS&LUP क्षेत्रीय केंद्र पर जनजातीय गौरव दिवस समारोह आयोजित

भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर जनजातीय नायकों के संघर्ष, बलिदान और संस्कृति को किया याद, मानगढ़ एवं एकी आंदोलनों पर भी हुई चर्चा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजस्थान ब्यूरो हेड : ऋचा पानेरी

उदयपुर। ICAR–NBSS&LUP के क्षेत्रीय केंद्र उदयपुर में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय केंद्र प्रमुख डॉ. बी.एल. मीना के निदेर्शानुसार हुआ।

कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय नोडल अधिकारी डॉ. अजित कुमार मीना ने किया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और देश की स्वतंत्रता में उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर डॉ. आर.पी. शर्मा ने समारोह की महत्ता और स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदाय के योगदान पर



प्रकाश डाला। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन परिचय और उनके संघर्षों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय केंद्र प्रमुख डॉ. बी.एल. मीना ने भगवान बिरसा मुंडा एवं वीरांगना कालीबाई के योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन जनजातीय नायकों ने समाज में सामाजिक चेतना, स्वाभिमान तथा जल, जंगल और जमीन के अधिकारों के प्रति जागरूकता पैदा की। उनका जीवन संघर्ष, साहस और जनजातीय अस्मिता का प्रेरणास्रोत है।

मानगढ़ और एकी आंदोलन के ऐतिहासिक योगदान को किया याद

कार्यक्रम में राजस्थान के जनजातीय आंदोलनों और स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज की भूमिका पर भी चर्चा की गई। विशेष रूप से गोविंद गुरु के नेतृत्व में हुए भगत आंदोलन और 17 नवंबर 1913 के ऐतिहासिक मानगढ़ आंदोलन का उल्लेख किया गया। इसके साथ ही मोतीलाल तेजावत के नेतृत्व में चले एकी आंदोलन की जानकारी दी गई। इन आंदोलनों ने जनजातीय समाज को शोषण, बेगार और अन्याय के विरुद्ध संगठित होकर आवाज उठाने की प्रेरणा दी।

जनजातीय संस्कृति और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर जोर

डॉ. बी.एल. मीना ने जनजातीय समुदाय की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं, पारंपरिक ज्ञान और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, आजीविका, कृषि विकास और प्राकृतिक संसाधनों के सतत प्रबंधन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. आर.एस. मीना ने आयोजन की रूपरेखा और जनजातीय इतिहास के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव केवल अतीत के वीर नायकों को याद करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी संस्कृति, परंपराओं, ज्ञान और प्राकृतिक धरोहर का सम्मान करते हुए समावेशी एवं सतत विकास की दिशा में कार्य करना भी आवश्यक है।

कार्यक्रम में डॉ. रोशन लाल मीना, डॉ. लालचंद, डॉ. बृजेश यादव, डॉ. अजिन एस. अनिल सहित केंद्र के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी व प्रकाशक : पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । सम्पादक : पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, मो. नं.: +91-95945-42679 / e-mail: padmavatmedia@gmail.com / Web: padmavatmedia.in / पंजीकृत संख्या : MH180326353 / (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।